## सार-समाचार

### एलन कॉमर्स के श्रेष्ठ परिणाम

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड अब इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के साथ कॉमर्स के क्षेत्र में भी सराहनीय परिणाम दे रहा है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीआईए) ने बुधवार को सीए इंटरमीडिएट के परिणाम जारी कर दिए हैं। जिसमें एलन कॉमर्स के स्टूडेंट्स ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए हैं। एलन कॉमर्स के हैड आनंद माहेश्वरी ने बताया कि एलन कॉमर्स के विद्यार्थी कीर्ति कुशवाह एवं श्रुति बंसल ने सीए इंटरमीडिएट के ग्रुप-1 में श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए हैं। दोनों छात्राओं ने दोनों विषयों में एक्जेम्पशसन हासिल की है। एलन कॉमर्स का 100 प्रतिशत परिणाम रहा है जबकि आईसीएआई का परिणाम 18.95 प्रतिशत रहा है। परीक्षार्थी आईसीएआई की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। एलन कॉमर्स के कोटा एवं मुम्बई सेंटर के मेंटोर सीए सौरभ मूंदड़ा ने बताया कि एलन कॉमर्स ने सीए इंटरमीडिएट के रिजल्ट के साथ ही सफलता की शुरुआत कर दी है। एलन कॉमर्स डिवीजन ने दोनों विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। एलन कॉमर्स कोटा के एकेडमिक हैड सीए विवेक बंसल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और बताया कि कोटा में सीए इंटरमीडिएट का नया बैच 12 जुलाई से प्रारंभ होगा।

### सेमिनार एवं शिक्षाविद सम्मान 9 को

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक सरोकार के तहत ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम 9 जुलाई को दोपहर 4 बजे से नाग-नागिन मंदिर स्थित दाधीच छात्रावास में आयोजित किया जायेगा। संयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्र के नवाचार एवं उनकी जानकारी के अभाव में अपने कैरियर से संबंधित कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस कारण बच्चों में डिप्रेशन बढ़ रहा है इसके समाधान के लिए एवं केरियर एवं रोजगार के विभान्न क्षेत्र बताने के लिए संबोधित फाउंडेशन के साथ केरियर सेमिनार का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर विनीत बाजपाई अमित व्यास ने बताया कि इसमें प्योर इंडिया ट्रस्ट जयपुर के केरियर ट्रेनर निशांत दुबे केरियर से संबंधित जानकारी देंगे। प्रशासनिक सेवाओं (यूपीएससी) के विषय में रोहित दाधीच, एग्रीकल्चर क्षेत्र के विषय में डाक्टर नरेश शर्मा एवं इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीच प्रीतम गोस्वामी साथ विदेशों में होने वाले शिक्षा कार्यक्रमों की जानकारी डॉ.अजय शर्मा द्वारा दी जाएगी।

### ग्रामीणों ने सरपंच का किया स्वागत

**छबड़ा,** (निसं)। गुगोर स्थित बीजासन माता मंदिर के नवीन ट्रस्ट के गठन की सूचना से गुगोर पंचायत के वांषिदो में हर्श की लहर दौड गई और बुधवार को पंचायत के विभिन्न गांवो से पहुंचे ग्रामीणो ने सरपंच के आवास पर पहुंचकर आतिशबाजी चलाकर व ढ़ोल-बाजो के साथ स्वागत-सम्मान किया। गुगोर के सरपंच राजेंद्र खारोल व जगदीष प्रसाद सहित कई ग्रामीणो द्वारा लंबे समय से प्राचीन धार्मिक स्थल बीजासन माता मंदिर को सरकारी ट्रस्ट बनाए जाने को लेकर लंबे समय से न्यायिक लडाई लड़ी जा रही थी। देवस्थान विभाग की आयुक्त के निर्णय से ग्रामीणो में हर्श की दौड़ गई और गुगोर पहुंचकर ग्रामीणो ने सरपंच राजेंद्र खारोल व जगदीश प्रसाद सहित अन्य ग्रामीणो का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया।

### विकास कार्यों का लोकार्पण कल से

**कोटा,** (निसं)। स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल 7 से 9 जुलाई तक शहर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने बताया कि शुक्रवार 7 जुलाई को दोपहर 1 बजे बड़ तिराहा बस स्टॉप एवं हाट बाजार, हैरिटेज गेट लाड़पुरा, पाटनपोल, किशोरपुरा एवं सूरजपोल का लोकार्पण करेंगे एवं सूरजपोल गेट पर सभा को सम्बोधित करेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि स्वायत्त शासन मंत्री 8 जुलाई को दोपहर 1 बजे अभय कमाण्ड सेंटर से दादाबाड़ी चौराहे तक सड़क निर्माण तथा एमबीएस मार्ग पर बस पार्किंग का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह 9 जुलाई को दोपहर 1 बजे बोरखेड़ा एलीवेटेड रोड़ का लोकार्पण करेंगे।

### कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**रामगंजमंडी,**(निसं)। कोटा जिले के उपखंड रामगंजमंडी क्षेत्र के 25 विद्यालयो का बुधवार को औचक निरिक्षण किया गया। जिसमें 12 अधिकारी लगाये गये थे।निरीक्षण के दौरान 326 कार्मिकों में से 24 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये।वहीं एक कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खैराबाद के निरीक्षण दौरान 3 कार्मिक अनुपस्थित पाये गए।अनुपस्थित पाये गए कार्मिकों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

### जल सप्लाई आज रहेगी बाधित

**रामगंजमंडी,**(निसं)। परियोजना के जल सोत्र इन्टेक वेल आम्बा कुई पर 700 एमएम एमएस पाइप लाइन अचानक से प्रेशर के कारण पाइप लाइन के फटने व लीकेज होने पर जल का अत्यधिक रिसाव होने से उक्त पाइप लाइन को रिपेयर करने हेतु 6 जुलाई गुरुवार को प्रातः से ही शट डाउन लिया जाएगा। जिसके देर शाम तक सही होने की संभावना है।

# 'सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की सख्ती से हो पालना'

**बूंदी,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने निर्देश दिए है कि आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध की प्रभावी क्रियान्विती सुनिश्चित की जावे। बुधवार को जिला कलक्टर कक्ष में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए।



जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने 'सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की सख्ती को लेकर बैठक ली।

- **सरकारी आयोजन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जावे**

बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में होने वाले किसी भी सरकारी आयोजन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी आयोजनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंधों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाई जाए। इसके अलावा विभिन्न कार्यों के लिए जारी होने वाली निविदा की शर्तों में इसका उल्लेख किया जावे।जिला कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर के मैरिज गार्डनो में शादी समारोह के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित रहे। इसके लिए सभी मैरिज गार्डनों को इस संबंध में नोटिस जारी किए जावे। नोटिस जारी होने के बाद भी यदि इन स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाया जाने पर जुर्माने की कार्यवाही अमल में लाई जावे। इसके अलावा टीम बनाकर बाजारों में अभियानों में चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को प्रभावी तरीके से लागू किया जावे। मैरिज गार्डनों में आयोजन समाप्ति के बाद निकलने वाले कचरे की ऑडिट हो तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावे। इसके अलावा इस कार्य की वीडियोग्राफी भी करवाई जावे।

**सूचना देने वालों को करेंगे पुरस्कृत**

जिला कलक्टर ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतया प्रतिबंधित करने के लिए पहल शुरू की गई है। इसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का उत्पादन करने वाले उद्योगों की जानकारी देने वाले व्यक्तियों को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्तियों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। इसके अलावा प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित भी किया जाएगा।उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में आमजन को प्लास्टिक के नुकसान की जानकारी देकर जागरूक किया जावे। उन्होंने कहा कि आमजन भी सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान को समझे और इनका उपयोग पूरी तरह बंद कर दें, किसी भी रूप में इनका इस्तेमाल नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के लिए रोड मैप तैयार किया जावे।

### पुतलियां देगी जागरूकता संदेश

**कोटा,** (निसं)। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे आवाज दो बने नवमतदाता कार्यक्रम के तहत बस्तियों एवं दूर-दराज से गांव में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर गिरिराज गोयल ने बताया कि संस्थान द्वारा निर्वाचन विभाग के नव दिशा-निर्देशों को लोगों तक पहुंचा कर उन्हें जागृत किया जा रहा है। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि सावन मास में जागरूकता हेतु "सावन बोले तो नव मतदाताओं की बयार" शीर्षक आधारित नुक्कड़ नाटक का बुधवार को मंचन किया गया। इसके अतिरिक्त जंगल से सटे एवं दूर-दराज के गांवों में सहज व सरल तथा हाडौती भाषा में काठ की पुतलियों के माध्यम से तैयार कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

# सीए फाइनल व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी

**कोटा,** (निसं)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने आईसीएआई सीए इंटर और फाईनल मई परीक्षा का परिणाम घोषित किया है, जिसमें सीए फाइनल परीक्षा में सनय विजय एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में आशुतोष मित्तल कोटा सिटी टॉपर रहे हैं।

- **सीए फाइनल में सनय विजय व इंटरमीडिएट में आशुतोष कोटा सिटी टॉपर बने**

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए रोहित पाटोदी ने बताया कि सीए इंटर और फाईनल परीक्षा मई 2023 में आयोजित की गई थी। परीक्षा 02 मई को शुरू हुई थी और 18 मई, 2023 को कोटा समेत देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर समाप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में कनिशा दयानी द्वितीय, संयम मनीष जैन तृतीय, राघव अग्रवाल चौथे व गौरी अग्रवाल पांचवें स्थान पर रही है। पाटोदी के अनुसार इंटरमीडिएट के बोथ ग्रुप में 119 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 16 स्टूडेंट्स पास हुए है। वहीं प्रथम ग्रुप में 22 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। वहीं प्रथम ग्रुप में 179 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 26 स्टूडेंट्स पास हुए है। वहीं द्वितीय ग्रुप में 186 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 72 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए शशांक गर्ग ने बताया कि सीए फाईनल परीक्षा में सनय विजय कोटा सिटी टॉपर रहे है। वहीं देवकरण चावला दूसरे व दिव्यांश त्रिपाठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही अक्षत अजमेरा चौथे एवं सुयश जैन पांचवें स्थान पर रहे हैं। फाइनल परीक्षा के बोथ ग्रुप में कोटा जिले से 116 स्टूडेंट्स बैठे थे, जिसमें से 12 स्टूडेंट्स पास हुए है। वहीं प्रथम ग्रुप में 7 स्टूडेंट्स व द्वितीय ग्रुप में 18 स्टूडेंट्स बैठे थे। बोथ ग्रुप फर्स्ट ग्रुप 121 में से 14 पास हुए है। द्वितीय ग्रुप में 173 में 76 स्टूडेंट्स पास हुए है। ओवरऑल फाइनल परीक्षा में 410 स्टूडेंट्स अपीयर हुए जिसमें से 127 स्टूडेंट्स पास हुए है। कोटा सीए ब्रांच के सभी पदाधिकारियों ने सफल हुए स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भारत विकास परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर होगी मैराथन दौड़

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कोटा शहर के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।

भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने बताया की 5 किलोमीटर की दौड़ 9 जुलाई प्रातः 6 उम्मेद क्लब नयापुरा से प्रारंभ होगी जहां से अग्रसेन चौराहा, जनाना घाट, लक्की बुर्ज, जयपुर गोल्डन, गीता भवन, ज्वाला तोप से सेवन वंडर रोड़, कोटड़ी चौराहा, किशोर सागर तालाब से होती हुई सत्येश्वर महादेव, जेडीबी कॉलेज, तरणताल से होती हुई उम्मेद क्लब पर समाप्त होगी आयोजन में भारत विकास परिषद कोटा महानगर की शाखाओं के अतिरिक्त कोटा शहर की विभिन्न संस्थाएं एवं आमजन इस आयोजन में भाग लेंगे, आज इस आयोजन के पोस्टर एवं टी-शर्ट का विमोचन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा थे पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में आयोजन समिति के संयोजक पंकज सेठी, सहसंयोजक राहुल सेठी, सारिका मित्तल, कोटा रनर्स क्लब के संस्थापक अजय सेठी, शक्ति सिंह हाड़ा, आयरन मैन मृगेश गुप्ता, डॉ विक्रांत माथुर, नारायण गौतम, भारत विकास परिषद चिकित्सालय के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संरक्षक ओमप्रकाश विजय, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, सह सचिव सुनीता गोयल, महिला प्रमुख कुसुम शर्मा, रोटी क्लब सेंट्रल की अध्यक्ष सुनीता काबरा, लायंस क्लब विनायकम् के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, आयोजन समिति के सदस्य संदीप पाडिया, हरिओम विजय, वंदना मलिक, अरविंद गर्ग, गिरिजेश विजय, चंद्रप्रकाश नागर, सोम प्रकाश विजय, डॉ आशीष शर्मा, कपिल सागीत्रा, सुधीर सक्सेना, डॉक्टर शेफाली शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा, रनर्स क्लब के संस्थापक अजय सेठी, डॉ विक्रांत माथुर अपने संबोधन में आयोजन की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दी एवं आयोजन से संबंधित आवश्यक टिप्स भी सभी को दी, आयोजन समिति के संयोजक पंकज सेठी ने बताया कि आयोजन में 1500 रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो गए हैं जिन सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है उन्हें 100 के न्यूनतम शुल्क पर समिति की ओर से टी-शर्ट, मेडल एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई है उन्होंने कोटा शहर के आमजन से इस आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है उन्होंने बताया कि जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वह भी इस आयोजन में भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के संदेश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग देंगे।

### नकदी व बाइक चुराई

**छबड़ा,** (निसं)। छबड़ा क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को भी क़स्बे के शास्त्री नगर के दो घरों से अज्ञात चोरो 3 बाइक व लगभग 1 लाख रुपये की नगदी चोरी कर फरार हो गए।

# जिला कलेक्टर ने मिड-डे-मील का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने बुधवार को विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर मिड-डे-मील, बाल गोपाल दूध वितरण योजना एवं शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने इस दौरान शिक्षक बनकर बच्चों का शैक्षिक स्तर भी परखा।



कोटा जिला कलेक्टर ने स्कूलों में मिड-डे-मील का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने नयापुरा स्थित

- **शैक्षणिक गुणवत्ता परखने जिला कलैक्टर बने शिक्षक**

राजकीय मोंटेसरी स्कूल का निरीक्षण किया जहां 300 विद्यार्थियों नामांकन पाया गया जिनमें से निरीक्षण के समय 18 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। विद्यालय में भवन जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर होने से कक्षाओं को संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा था। जिला कलक्टर ने कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों से रूबरू होकर शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा एवं विद्यार्थियों की झिझक दूर करते हुए प्रतिदिन अद्यतन एवं सामान्य जानकारी भी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में बन रहे मिड-डे-मील का निरीक्षण किया जिसमें रोटी एवं दाल बनाई हुई थी। उन्होंने मिड-डे-मील को चखकर गुणवत्ता को देखा तथा पौष्टिक एवं शुद्धता के साथ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिड-डे-मील प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि मसालों एवं अन्य सामग्री आउटडेट नहीं हो, स्वच्छता एवं पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मिड-डे-मील की गुणवत्ता को अच्छा बताया। जिला कलक्टर ने राजकीय वोकेशनल स्कूल का निरीक्षण किया जहां 161 नामांकन में से 83 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय विद्यार्थियों द्वारा मिड-डे-मील लिया जा रहा था। मौके पर जिला कलक्टर ने भी विद्यार्थियों के साथ मिड-डे-मील को चखा तथा नियमित रूप से गुणवत्ता एवं बाल गोपाल योजना में मिल रहे दूध के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को दूध योजना में नियमित रूप से दूध पिलाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिऐं। जिला कलक्टर ने बारां रोड पुलिस लाईन स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर मिड-डे-मील की सामग्री को देखा तथा रोटी, दाल को चखकर गुणवत्ता का आकलन किया। यहां 405 विद्यार्थियों नामांकन पाया गया जिनमें से 266 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि भोजन बनाते समय शुद्धता व सफाई का नियमित ध्यान रखा जाए।

### विकास कार्यों का लिया जायजा

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने स्वायत्त शासन मंत्री महोदय के निर्देशानुसार बुधवार को दौरा कर कोटा उत्तर क्षेत्र के वार्ड नं. 55 के रामपुरा क्षेत्र में चल रहे नाला-नाली एवं अन्य विकास कार्यो व सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय नागरिकों की जनसमस्याओं को सुना और उनके समाधान के प्रति आश्वस्त किया। महापौर ने गाड़ीखाने के पास बन रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्यो का भी जायजा लिया।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान श्रीमती बरधी बाई पत्नी स्व. श्री चौथमल, सीमा सैनी पुत्री श्री चौथमल निवासीगण मकान नम्बर 84 श्रीनाथ आवास ग्राम रामनगर बून्दी रोड कोटा (राज.) एवं श्रीमती सुमन सैनी पुत्री श्री चौथमल जी पत्नी श्री सुरेश सैनी निवासी बाडी भीमपुरा संजय नगर तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राज.) की है तथा मेरे पक्षकारान के पति एवं पिता स्व. श्री चौथमल जी के स्वामित्व का एक मकान नम्बर 84 श्रीनाथ आवास ग्राम रामनगर बून्दी रोड कोटा (राज.) में स्थित है, जिस पर श्री चौथमल जी ने HDFC Ltd. (वर्तमान HDFC Bank Ltd. में) कोटा से ऋण लिया हुआ था, जिसका ऋण खाता सं. 614081193 है तथा उक्त वर्णित मकान के समस्त असल दस्तावेजात HDFC Ltd. (वर्तमान HDFC Bank Ltd. में) कोटा में रहन (MORTGAGE) कर रखे है तथा मेरे पक्षकारान के पति एवं पिता श्री चौथमल जी का देहावसान दिनांक 01.09.2022 को हो चुका है, तथा उक्त मकान के पेटे लिए गए ऋण की पूर्ण अदायगी HDFC Ltd. (वर्तमान HDFC Bank Ltd. में) कोटा को की जा चुकी है, इसलिये उक्त मकान के समस्त असल दस्तावेज मेरी पक्षकारा श्रीमती बरधी बाई प्राप्त करना चाहती है, यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में HDFC Ltd. (वर्तमान HDFC Bank Ltd. में) कोटा फोन नं. 7442436981 पर अथवा मुझसे सम्पर्क करें, कृपया सूचित हो।

कोटा

दिनांक : 05.07.2023

भवदीय
गोविन्द नामदेव एडवोकेट
मो. 9414284515

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र मोहम्मद अल्फेज के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम Mohd. Raies के स्थान पर Mohammad Raies व मेरी पत्नी का नाम SHAMSHAD BEGAM के स्थान पर SHAMSHAD व मेरे पुत्र का नाम Mohd. Alfaiz के स्थान पर Mohammad ALFAIZ रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohammad Raies मेरी पत्नी को SHAMSHAD व मेरे पुत्र को Mohammad ALFAIZ के नाम से जाना पहचाना जावे।

मोहम्मद रईस पुत्र सद्दीक मोहम्मद कोटा (राज.)

**खोया-पाया**

मेरे मकान नंबर 2-G-27 तलवंडी का मूल भौतिक कब्जा पत्र (आवासन मंडल का ) कहीं गुम हो गया है। जिसे मिले निम्न पते पर संपर्क करें- जितेंद्र कुमार नामा पुत्र श्री भंवर लाल निवासी 2-G-27 तलवंडी, कोटा राज.

**श्रद्धांजलि**



24.10.1918 - 06.07.2000

23वीं पुण्यतिथि

श्रद्धेय स्व. वैध श्री घनश्याम जी शर्मा

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 23वीं पुण्यतिथि 06.07.2023 पर सभी परिवारजन की ओर से

शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि

श्रीमती सावित्री शर्मा, उमा शर्मा (से.नि. प्रधानाध्यापिका) एवं से.नि. कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत), दीपशिखा एवं नरेन्द्र शर्मा (से.नि. एयरफोर्स), ज्योति(से.नि. प्रिंसीपल) एवं सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत) (पुत्र-पुत्रवधू), वीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (पुत्री-दामाद) एवं समस्त परिवारजन।

फोन नं.-0141-2341194, मोबाइल-9829264308, 9829360428, 9462694531

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांकः ननिकोद/भ.नि.अनु./20237/19226-27 दिनांक : 05.07.2023

**पंजीयन बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्रेश दत्त शर्मा पुत्र स्व. मेजर श्री डी.डी. शर्मा निवासी आवास संख्या 1-टी-14, विज्ञान नगर कोटा (राज.) बहैसियत मुख्तार आम श्रीमती निकिता शर्मा पत्नी श्री ताराचन्द शर्मा निवासी भूखण्ड संख्या 1-ए-26 तलवण्डी, कोटा (राज.) में नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 303-सी तलवण्डी, कोटा क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट का पंजीयन श्रीमती निकिता शर्मा पत्नी श्री ताराचन्द शर्मा के नाम करवाये जाने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 303-सी, तलवण्डी, कोटा क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट का 99 वर्षीय पट्टेदारी पर विक्रय (नीलाम) कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 10 दिनांक 03.01.1989 से श्री ताराचन्द शर्मा पुत्र श्री बाल मुकन्द शर्मा एवं श्रीमती निकिता शर्मा पत्नी श्री तारा चन्द शर्मा को किया गया। श्री तारा चन्द शर्मा ने जर्ये पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 15.10.2007 से उक्त भूखण्ड में से स्वयं के भाग का श्री सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री महेन्द्र प्रकाश गुप्ता को तथा श्रीमती निकिता शर्मा ने जर्ये पावर ऑफ अटॉर्नी दिनाक 18.09.2007 से श्री चन्द्रेश दत्त शर्मा पुत्र श्री डी.डी. शर्मा को को उक्त भूखण्ड में से स्वयं के भाग का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने सर्वे रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 20.03.2008 से उक्त भूखण्ड में से श्री तारा चन्द शर्मा के नाम को श्रीमती निकिता शर्मा पत्नी श्री तारा चन्द शर्मा को दान कर दिया आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड का पंजीयन कराने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का पंजीयन कराने में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बादमियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

**जन-सूचना**

खनन पट्टा संख्या 27/2020 खनिज लाईमस्टोन (डायमेन्शनल) एवं मेसेनरीस्टोन क्षेत्रफल 2.6917 हेक्टर निकट ग्राम पिपलिया तहसील पचपहाड़ जिला झालावाड (राज.) में खनन पट्टाधारी श्री मोहम्मद सखी पुत्र श्री अब्दुल रशीद सह आवेदक मोहम्मद शाहिद पुत्र अब्दुल रशीद, अकील खान पुत्र अब्दुल रशीद एवं मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी वार्ड नं. 10 कोटा रोड, सुकेत तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा (राज.) के पक्ष में राज्य स्तरीय पर्यावरण स्वीकृति पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B1 (22362)/2022-23 Jaipur Dated 19-06-2023 को जयपुर से पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। सर्वसाधारण सूचित होवे।

खनन पट्टाधारी-
मोहम्मद सखी पुत्र श्री अब्दुल रशीद सह आवेदक मोहम्मद शाहिद पुत्र अब्दुल रशीद, अकील खान पुत्र अब्दुल रशीद, एवं मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी वार्ड नं. 10, कोटा रोड, सुकेत तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा

**जन-सूचना**

खनन पट्टा संख्या 26/2020 खनिज लाईमस्टोन (डायमेन्शनल) एवं मेसेनरीस्टोन क्षेत्रफल 3.9531 हेक्टर निकट ग्राम रुणजी तहसील पचपहाड़ जिला झालावाड (राज.) में खनन पट्टाधारी श्री मोहम्मद शाहिद पुत्र अब्दुल रशीद सह आवेदक मोहम्मद सखी पुत्र अब्दुल रशीद, अकील खान पुत्र अब्दुल रशीद एवं मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी वार्ड नं. 10 कोटा रोड, सुकेत तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा (राज.) के पक्ष में राज्य स्तरीय पर्यावरण स्वीकृति पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B1 (22431)/2022-23 Jaipur Dated 19-06-2023 को जयपुर से पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। सर्वसाधारण सूचित होवे।

खनन पट्टाधारी-
मोहम्मद शाहिद पुत्र अब्दुल रशीद सह आवेदक मोहम्मद सखी पुत्र श्री अब्दुल रशीद, अकील खान पुत्र अब्दुल रशीद, एवं मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी वार्ड नं. 10, कोटा रोड, सुकेत तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी ( राज. )**

क्रमांक:-2703-07 दिनांक:-5.7.23

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री रामकिशन मीणा निवासी ग्राम आमली तहसील व जिला बून्दी का आवेदन आवासीय प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति वाके भूखंड संख्या 9 शुभांगन कालोनी बून्दी क्षेत्रफल 1190.62 वर्गफीट हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त क्रम में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत कर दर्ज करावे अन्यथा बाद अवधि गुजरने के नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाकर संबंधित के नाम भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

आयुक्त नगर परिषद बून्दी

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी ( राज. )**

क्रमांक:-2719-23 दिनांक:-5.7.23

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री काशिफ वसीम गौरी पुत्र श्री अब्दुल सत्तार गौरी निवासी पी.ए. साहब के मकान के पीछे गुरु नानक कालोनी बून्दी का आवेदन आवासीय प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति वाके भूखंड संख्या 33 लक्ष्मी विहार प्रथम छत्रपुरा बून्दी क्षेत्रफल 1300.00 वर्गफीट हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त क्रम में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत कर दर्ज करावे अन्यथा बाद अवधि गुजरने के नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाकर संबंधित के नाम भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

आयुक्त नगर परिषद बून्दी

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी ( राज. )**

क्रमांक:-2724-28 दिनांक:-5.7.23

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष जैन पुत्र श्री हुकुम चन्द जैन निवासी चेन राय जी का कटला बून्दी का आवेदन आवासीय प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति वाके नागदी बाजार चेन राय जी का कटले के पास बून्दी क्षेत्रफल 790.87 वर्गफीट हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त क्रम में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत कर दर्ज करावे अन्यथा बाद अवधि गुजरने के नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाकर संबंधित के नाम भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

आयुक्त नगर परिषद बून्दी

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 1317 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 3.7.23

आवास संख्या 1-फ-31 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री महादेव एल. खानचदांनी पुत्र श्री लेखराज को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री महादेव एल. खानचदांनी पुत्र श्री लेखराज द्वारा दिनांक 19.05.1990 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री महादेव एल. खानचदांनी पुत्र श्री लेखराज द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से पूर्व दिनांक 19.12.1989 को श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री मदन मोहन को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री मदन मोहन द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.07.2008 को श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता को किया गया। श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में अपना नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास को विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री श्री गिरिराज प्रसाद गुप्ता के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक:-उ.आ.आ./को.वृ.को./2023-2024/1348 — जाहिर आम सूचना — दिनांक: 4.7.23

आवास संख्या 7 ई 69 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती भुवनेश्वरी देवी पत्नी श्री शीशराम पाण्डेय को किया गया। श्रीमती भुवनेश्वरी देवी उक्त आवास का बैचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 24.02.1989 को श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री अब्दुल रहमान को किया गया। श्री जाकिर हुसैन द्वारा उक्त आवास का बैचान एकमात्र इकरारनामा आलेखित कर दिनांक 11.12.1990 को श्रीमती शरीफन बानो पुत्री श्री यासीन को किया गया। श्रीमती शरीफन बानो द्वारा उक्त आवास का बैचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 15.07.1996 को श्री शरीफुल हक पुत्र श्री अमीर मोहम्मद को किया गया। श्री शरीफुल हक द्वारा उक्त आवास का बैचान एकमात्र इकरारनामा आलेखित कर दिनांक 17.10.1997 को श्री शाईद हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन को किया गया। श्री शाईद हुसैन द्वारा उक्त आवास का बैचान एकमात्र इकरारनामा आलेखित कर दिनांक 22.04.1998 को श्री तुफैल मोहम्मद पुत्र श्री कल्लू को किया गया। श्री तुफैल मोहम्मद द्वारा उक्त आवास का बैचान एकमात्र इकरारनामा आलेखित कर दिनांक 03.09.2015 को श्री अशरफ हुसैन पुत्र श्री शरीफ हुसैन को किया गया। श्री अशरफ हुसैन द्वारा उक्त आवास का बैचान एकमात्र इकरारनामा आलेखित कर दिनांक 03.08.2016 को श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल को किया गया। श्री कमलेश कुमार द्वारा अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु इस कार्यालय में दिनांक 26.04.2023 को आवेदन किया गया।

अतः इस आवास का नियमितिकरण श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल के नाम करने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का नियमितिकरण श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल के नाम किए जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक:-उ.आ.आ./को.वृ.को./2023-2024/1319 दिनांक: 03.07.23

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 4 सी 2 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री वासुदेव मगरानी पुत्र श्री खेमचन्द मगरानी को किया गया। श्री वासुदेव मगरानी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा एवं वसीयतनामा द्वारा आलेखित कर दिनांक 12.07.1995 को श्री बाबूलाल शर्मा पुत्र श्री प्रभुलाल शर्मा को एवं मुख्तारआम श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री बाबूलाल शर्मा को किया गया। श्री बाबूलाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 18.10.2002 को हो गयी, मृत्युपरांत श्री बाबूलाल के पुत्र श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व. श्री बाबूलाल शर्मा द्वारा समस्त मूल दस्तावेज क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, अन्य वारिसानों के घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का नियमितिकरण अपने स्वयं के पक्ष में करने हेतु आवेदन किया है।

अतः इस आवास का नियमितिकरण श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व. श्री बाबूलाल शर्मा के नाम करने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का नियमितिकरण श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व. श्री बाबूलाल शर्मा के नाम किए जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व. श्री बाबूलाल शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा